Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:55 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 93 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 27 सितम्बर 2024

पूजा फिल्म्स का बकाया चुकाकर...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## रोडवेज आरएम ने डीएम से वार्ता के लिए समय मांगा

**हल्द्वानी।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने नैनीताल बस स्टेशन का स्वामित्व निगम के अधीन न किये जाने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। इधर इस मामले के निराकरण के लिए आरएम संचालन काठगोदाम ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर वार्ता के लिए समय मांगा है। मंडलीय प्रबंधक संचालन पूजा जोशी ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि रोडवेज कर्मचारी संगठनों ने तीन अक्टूबर तक नैनीताल बस स्टेशन का स्वामित्व परिवहन निगम के अधीन न किये जाने पर चार अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। आरएम ने जिलाधिकारी से निगम को स्वामित्व प्रदान किये जाने के बाबत वार्ता के लिए समय प्रदान करने का आग्रह किया है ताकि इस मुद्दे पर रोडवेज कर्मचारी संगठनों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता की जा सके। गौरतलब है कि नैनीताल बस स्टेशन का पिछले दिनों सौंदर्यीकरण किया गया है। रोडवेज कर्मचारी इसे अन्य विभागों को हस्तांतरित करने का कड़ा विरोध कर रहे हैं। इसी के तहत रोडवेज संयुक्त मोर्चा ने आंदोलन का ऐलान किया है।

## युवक का दंपति पर ब्लैकमेल करने का आरोप

**रुद्रपुर।** एक दंपति ने साजिश के तहत परिचित युवक को अपने घर बुलवाकर उसके किसी युवती से शारीरिक सम्बंध स्थापित करवाना और फिर उसकी वीडियो बना अज्ञात व्यक्ति से फोन करा उससे पांच लाख रूपये की मांग कर ब्लैक मेल करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। शहर की माडल कालोनी निवासी महेन्द्र पुत्र राम बिलास ने पुलिस को बताया कि 15 दिन पहले उसके मिलने वाला व्यक्ति सूरज उर्फ राहुल व उसकी पत्नी ने किसी बहाने अपने घर बुलाया। वहां पर एक अज्ञात लड़की से मिलवाया और कहा यह तुमसे दोस्ती करना चाहती है।

# प्रभावित ज्योतिर्मठ के लोगों ने किया बदरीनाथ हाईवे जाम, बाजार बंद

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

नाराज आपदा प्रभावित ज्योतिर्मठ के लोगों ने बदरीनाथ हाईवे पर जाम लगाया। 21 माह बाद भी सकारात्मक कार्य न होने को लेकर प्रभावितों ने विरोध प्रदर्शन किया। आपदा प्रभावित ज्योतिर्मठ में सुरक्षात्मक कार्य न होने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रभावितों ने ज्योतिर्मठ बाजार बंद करने के साथ ही चक्काजाम किया। मूल निवास स्वाभिमान संगठन की ओर से आयोजित बंद व चक्का जाम में व्यापार मंडल और टैक्सी यूनियन भी शामिल हैं। प्रभावितों ने यहां



बदरीनाथ हाईवे पर भी जाम लगाया। व्यापार मंडल अध्यक्ष नैन सिंह भंडारी ने कहा, आपदा के 21 माह बाद भी नगर में सुरक्षात्मक कार्यों के नाम पर एक ईंट तक नहीं रखी गई है। इसके चलते बाजार बंद करने का निर्णय लिया गया। वहीं, टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष चंडी प्रसाद बहुगुणा का कहना है कि जब तक प्रशासन के साथ उचित वार्ता नहीं हो जाती, प्रस्तावित चक्का जाम वापस नहीं लिया जाएगा।

### जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति ने सीएस को दिया ज्ञापन

भू-धंसाव से प्रभावित ज्योतिर्मठ नगर में सुरक्षात्मक कार्यों सहित अन्य मांगों को लेकर जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति ने देहरादून में मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा। कहा, बरसात के बाद नगर के हालात लगातार बिगड़ रहे हैं, इसलिए यहां सुरक्षात्मक कार्यों को तेजी से कराया जाए। कहा, सीएम संग आठ अप्रैल 2023 को जिन बिंदुओं पर सहमति बनी थी, उन पर कार्रवाई हो। उन्होंने सुरक्षात्मक कार्य शीघ्र शुरू करने, राहत, मुआवजा व पुनर्वास के कार्य जल्द पूरे करने, राहत व पुनर्वास मुआवजे के लिए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों का नगर में कैंप आयोजित करने और समय-समय पर इसकी समीक्षा करे की मांग भी की गई।

वहीं, इस समय चारधाम यात्रा ने गति पकड़ी है। हर दिन हजारों श्रद्धालु बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब के दर्शनों को आ रहे हैं। बाजार बंद रहने और चक्का जाम से यात्रियों को अवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही स्थानीय लोगों के लिए भी आवाजाही करना मुश्किल हो गया है।

दून में आज फिर बढ़ा तनाव

# रेलवे स्टेशन पर आज भी हंगामा पुलिस ने हिंदूवादी नेता को उठाया

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

देहरादून रेलवे स्टेशन पर बृहस्पतिवार को दो पक्षों में हुए बवाल के बाद आज भी हंगामा जारी है। पुलिस के हिंदूवादी संगठन के नेता को हिरासत में लेने के बाद तनाव बढ़ गया है। पूरा पलटन बाजार बंद करा दिया गया। वहीं व्यापारियों ने यहां घंटाघट पर हनुमान चालीसा पाठ शुरू कर दिया।

रेलवे स्टेशन के बाहर हुए हंगामे और तोड़फोड़ में विकास वर्मा सहित 30 से 35 नामज़द और 150 अज्ञात के खि़लाफ़ कोतवाली मुकदमा दर्ज कराया गया है। दरअसल, दूसरे समुदाय के प्रेमी से मिलने के लिए एक समुदाय की किशोरी के दून पहुंचने पर रेलवे स्टेशन में कल बृहस्पतिवार को बवाल हो गया था। दो समुदाय के लोग आपस में भिड़ गए। इससे पूर्व एक पक्ष ने जमकर किया। पथराव में पुलिस की गाड़ी समेत आम लोगों की भी कई गाड़ियां टूट गईं। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है और कई लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने लाठियां फटकार कर स्थिति को संभाला। घटना के बाद रेलवे स्टेशन



परिसर में भारी पुलिसबल तैनात कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई थी। लड़की जीआरपी के पास और लड़का आरपीएफ के पास था। मामला बृहस्पतिवार देर शाम का है। बदायूं निवासी समुदाय विशेष की एक किशोरी देहरादून में अपने प्रेमी से मिलने पहुंची थी। शाम के समय किशोरी ने प्रेमी को रेलवे स्टेशन पर बुलाया तो इसकी भनक दोनों समुदाय के लोगों को लग गई। पहले स्टेशन पर एक समुदाय के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठे हुए। इसके बाद युवक रेलवे स्टेशन पर किशोरी से मिलने पहुंचा तो दूसरे समुदाय के लोग भी एकत्र होना शुरू गए। दोनों पक्षों के बीच में तनातनी होने लगी। इसी दौरान एक पक्ष के कुछ लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। इससे रेलवे रेलवे स्टेशन के बाहर अफरा-तफरी मच गई। उपद्रवियों ने पुलिस के सामने भी जमकर पथराव किया और पुलिसकर्मियों ने जैसे-तैसे खुद को बचाया। पथराव में एक युवक घायल हो गया और कई वाहन टूट गए। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस बल ने लाठियां फटकारकर दोनों समुदाय के लोगों को तितर-बितर किया। देर रात एसएसपी अजय कुमार ने भी स्टेशन पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से घटना की जानकारी ली।

# स्थायी समिति के चुनाव को लेकर विधानसभा में हंगामा

**नई दिल्ली**

एजेंसी

आप के विधायकों ने कहा निगम में लोकतंत्र की हत्या हुई। एलजी ने पीछे के रास्ते से चुनाव करवाने की कोशिश की। जबकि चुनाव करवाने की जिम्मेदारी मेयर की होती है।

दिल्ली नगर निगम में चुनाव के मसले पर दिल्ली विधान सभा में हंगामा हुआ है। आप के विधायकों ने कहा निगम में लोकतंत्र की हत्या हुई। एलजी ने पीछे के रास्ते से चुनाव करवाने की कोशिश की। जबकि चुनाव करवाने की जिम्मेदारी मेयर की होती है। भाजपा विधायक अभय वर्मा ने कहा कि निगम चुनाव में आप ने लोकतंत्र की हत्या की। चुनाव की तारीख पहले ही घोषित हो गई है। फिर चुनाव को होने क्यों नहीं होने दे रही है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने गलत तरीके से दिल्ली नगर निगम के स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की। लगता है उप राज्यपाल ने चंडीगढ़ में हुई घटना से सीख नहीं ली। इस घटना से बहुत दुखद हूं।



# ट्रैकिंग के साथ मनाया विश्व पर्यटन दिवस

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

विश्वपर्यटन दिवस पर पर्यटन विभाग ने ट्रैकिंग यात्रा का आयोजन किया गया। एनसीसी व एनएसएस व पर्यटन कारोबारी यात्रा में शामिल हुए।

यात्रा 14 किलोमीटर की आयोजित की गई। ट्रैक में लगभग 100 से ज्यादा लोगों ने प्रतिभाग किया। ट्रैक की शुरुआत टांकी बैंड फेयरलाइट होटल से की गई। नैनीताल से कैंची धाम तक 14 किलोमीटर का ट्रैक शुरू किया गया। पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि पर्यटन दिवस पर आयोजिय ट्रैक में बर्ड वॉचिंग के साथ अन्य जानकारियां भी प्रतिभागियों की दी गई। साथ ही पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटन के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों व अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान होटल एसोशिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि इस विश्व पर्यटन दिवस की थीम



पर्यटन व शांति है। ताकि पूरे विश्व में शांति बनी रहे। अभी कैंची गूगल में ट्रेंड कर रहा है। ऐसे नए नए ट्रैक बनने से लोगों को वहां तक पहुंचने में और मजा आएगा। और ऐसे ट्रैक बनने से सड़क पर भी दबाव कम पड़ेगा। विभाग की ओर से ऐसे कार्यक्रम बार बार करते रहने चाहिए। ऐसे ट्रैक अयोजिय करने चाहिए जिसमें लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा ले सकें। ताकि क्षेत्र में पर्यटन विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में बढोत्तरी हो। इस दौरा। होटल एसोसिएशन के सचिव वेद साह, सीपी भट्ट, स्नेह छाबड़ा, कमल जगाती, शैलेन्द्र शाह,अनिल तिवाडी व 100 से ज्यादा लोग मौजूद थे।

# बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी, इतना अहंकार ठीक नहीं: अरविंद केजरीवाल

स्वाति मालीवाल का वार

**नई दिल्ली**

एजेंसी

स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल पर सोशल मीडिया के जरिए हमला बोलते हुए लिखा कि हर दूसरे दिन खुद की तुलना मर्यादा पुरुषोत्तम राम से करवाते हो।

इतना अहंकार ठीक नहीं है, जो अपनी पार्टी की महिला सांसद के लिए स्टैंड नहीं ले सकता वो दिल्ली की महिलाओं के लिए भी क्या स्टैंड लेगा? आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। केजरीवाल ने गुरुवार को विधानसभा में बिभव कुमार का नाम लेते हुए जब यह कहा कि उन्हें और उनकी पार्टी के नेताओं को झूठे केस में फंसाकर जेल भेजा गया तो स्वाति मालीवाल बिफर पड़ीं।





स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, %बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी। अरविंद केजरीवाल जी, जिस गुंडे ने मुझे आपके निवास पर आपकी मौजूदगी में मारा, जब तक वो जेल में था, आपने देश के सबसे महंगे वकीलों की फौज उसे बचाने के लिए खड़ी करी, मेरे खिलाफ पीसी पे पीसी करवाई। आज जब वो शर्तिया बेल पर बाहर है, उसे पार्टी का सबसे बड़े नेता बताकर कह रहे हैं कि वो फर्जी केस में जेल में डाला गया है। सुप्रीम कोर्ट तक ने बोला कि ऐसे गुंडों को अपने निवास में कौन रखता है। इनके इन वाक्यों से बिभव जैसे गुंडों के हौसले बुलंद नहीं होंगे तो और क्या होगा? संदेश साफ है - दोबारा मार पीट भी करोगे तो हम बचा लेंगे। आप सांसद ने आगे लिखा, %हर इंसान जो आपके हर गलत काम का साथी हो, बड़ा नेता नहीं होता। वाह सर, वाह सर कहने वालों को पास रखने का शौंक है इसलिए दुनिया धुंधली दिखनी शुरू हो गई है। हर दूसरे दिन खुद की तुलना मर्यादा पुरुषोत्तम राम से करवाते हो। इतना अहंकार ठीक नहीं है, जो अपनी पार्टी की महिला सांसद के लिए स्टैंड नहीं ले सकता वो दिल्ली की महिलाओं के लिए भी क्या स्टैंड लेगा?

गुरुवार को अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा में कहा कि दिल्ली में भाजपा-आरएसएस के लोग भी मानते हैं कि केजरीवाल ईमानदार है। भाजपा ने हमारे पांच बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया लेकिन आप टूटी नहीं। भाजपा के दो बड़े नेताओं को जेल में डाल दो तो इनकी पार्टी टूट जाएगी। मेरे ऊपर फर्जी केस कर दिए। फर्जी केस करके मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह, बिभव कुमार को जेल में डाल दिया। पांच बड़े नेताओं को जेल में डालने के बाद भी हमारी पार्टी नहीं टूटी, मजबूती से खड़ी है।

# एसटीएफ ने 25 हजार का ईनामी को बिहार से गिरफ्तार किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड में ईनामी अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ ने 25 हजार रुपए ईनामी को बिहार से गिरफ्तार किया है। उस पर वर्ष 2023 में ऊधमसिह नगर पुलिस ने ईनाम घोषित किया था। शातिर ईनामी काफी समय से फरार चल रहा था और अपराध करने के उपरान्त बिहार के सिवान में जाकर छिप गया था।

एसएसपी एसटीएफ के मुताबिक गिरफ्तार ईनामी के ऊपर रेलवे विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर जनता से लाखो रुपये की ठगी करने का मुकदमा जनपद ऊधमसिंह नगर के थाना रुद्रपुर में पंजीकृत है जिसकी विवेचना सीबीसीआईडी ने की थी। एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने बताया कि सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के दिशा-निर्देशन एवं इंस्पेक्टर एमपी सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ का एक ऑपरेशन में थाना रुद्रपुर का ईनामी अपराधी अक्षेश्वर



तिवारी पुत्र भुवनेश्वर तिवारी निवासी मुबारकपुर थाना चैनपुर जनपद सिवान, बिहार को बिहार के चैनपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए कोर्ट द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। ईनाम घोषित होने के बाद से वह बिहार व पंजाब में छिपकर रहा था।

उन्होंने बताया कि एसटीएफ की इस कार्यवाही में हेड कांस्टेबल रियाज अख्तर की विशेष भूमिका रही। एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि अपराधी लोकेशन चेंज कर रहा था और मोबाइल नम्बर भी बदल रहा था। लेकिन पिछले कई दिनों से उसकी लोकेशन बिहार के सिवान जिले में आने पर एक टीम गिरफ्तारी को बिहार के लिए रवाना की गयी थी? सिवान जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसे वहां से लाकर

**कार्रवाई**

- वर्ष 2023 में ऊधमसिह नगर पुलिस ने 25 हजार का ईनाम घोषित किया था
- रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर कई लोगों से की थी लाखों की ठगी

कोतवाली रुद्रपुर में दाखिल किया गया। ईनामी एक पेशेवर व शातिर ठग है। उसने वर्ष 2010 में रेलवे विभाग में नौकरी दिलाने की एवज में कई लोगों के साथ लाखों रुपये की ठगी व धोखाधड़ी की थी। विवेचना सीबीसीआईडी शाखा द्वारा की गयी थी। 2 फरवरी 2023 को जनपद ऊधमसिंह नगर पुलिस ने ईनाम घोषित किया। टीम में एसआई बृजभूषण गुररानी, एएसआई प्रकाश भगत, हेड कांस्टेबल रियाज अख्तर, हेड कांस्टेबल जगपाल सिंह,चालक संजय कुमार समेत टैक्नीकल कार्य एसटीएफ एसआई केजी मठपाल,सर्विलांस एक्सपर्ट किशन चन्द्र,दीपक भट्ट शामिल रहे।

## दिक्कत: रोजगार के नाम पर टैक्सी बाइक का जमावड़ा

**नैनीताल।** नगर में रोजगार के नाम पर टैक्सी बाइक का जमावड़ा लग गया है। न तो टैक्सी बाइक का किराया निर्धारित है और न ही इसके संचालन व पार्किंग स्थल की व्यवस्थाएं न होने के चलते अब शहर की सडकें व स्थानीय पार्किंग स्थल टैक्सी बाइक से पटे पड़े हैं। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि नैनीताल में बेरोजगार युवाओं ने रोजगार कमाने के लिए टैक्सी बाइक व स्कूटी से काम शुरू किया था। टैक्सी बाइक की मांग बढने पर शहर के सैकड़ों लोगों ने टैक्सी बाइक व स्कूटी खरीद की। इससे शहर में देखते ही देखते लगभग एक से डेढ हजार टैक्सी बाइक जमा हो गई लेकिन टैक्सी बाइक की दर तथा पार्किंग स्थल व संचालन की कोई सही व्यवस्थाएं नहीं होने के चलते शहर की व्यवस्थाएं बिगड़ रही हैं। तल्लीताल से मल्लीताल तक मॉलरोड और स्थानीय पार्किंग स्थल टैक्सी बाइक के पार्किंग स्थल बन चुके हैं, इससे स्थानीय लोगों को बाजार आने जाने में बाइक खड़ी करने के लिए जगह नहीं मिलती वहीं जगह जगह सडकों के किनारे वाहन खड़े होने के चलते आवाजाही करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



# आदि कैलाश यात्रा द्वितीय दल के पहुंचने पर स्वागत किया

**पिथौरागढ़/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में आदि कैलाश यात्रा द्वितीय दल के पहुंचने पर कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने यात्रियों को जूस पिलाकर तथा माला पहनाकर स्वागत किया।

इस दौरान यात्रियों ने शहीद स्मारक स्थल में एक दिया शहीदों के नाम के तहत दीप जलाकर शहीदों को नमन किया। इससे पूर्व प्रात- यात्रियों ने शिव मंदिर परिसर में पूजा अर्चना की। उसके बाद दिनेश गुरुरानी द्वारा यात्रियों को हिमालय बचाओ शपथ दिलाई गई। शपथ रजिस्टर भरवाया गया और यात्रियों को काला पानी नाभीढांग व जौलिगकौग में पौधारोपण हेतु पौधे दिए गए। यात्रियों ने कहा कि वह हिमालय क्षेत्र में पौधा रोपण भी करेंगे और वहां पड़े कूड़े कोई इकट्ठा कर वापस लाकर धारचूला में उसका निस्तारण भी करेंगे। यात्रा दल में 13 यात्री शामिल रहे। यात्रियों का स्वागत करने वालों में गाइड भीम सिंह अधिकारी, हर सिंह, शेर सिंह,वेद प्रकाश, पदम सिंह, रचना तथा गोपाल बिष्ट, सौरव खोलिया, महेश कुमार दीपक राजेंद्र विजय बोरा सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

# दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने को ग्रामीणों का धरना

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

खनस्यूं थाने में तैनात दरोगा व पुलिस कर्मियों के युवक से की गई मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर खनस्यूं के ग्रामीणों का बुद्ध पार्क में धरना जारी है। बीते दिन इस मामले में डीजीपी से मिलने की गुहार लगा रहे ग्रामीणों को पुलिस ने रोक लिया। इधर आज पुनः वे धरने पर बैठ गये हैं।

पूर्व दर्जा राज्यमंत्री व राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरू के नेतृत्व में पीड़ित युवक व ग्रामीणों ने शुक्रवार को बुद्ध पार्क में धरना दिया। वे दोषी दरोगा व दो पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी बर्खास्तगी की मांग कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। बताया गया कि इस मामले को लेकर अब ग्रामीण देहरादून की ओर रुख करने का मन बना रहे हैं। जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। धरना देने वालों में हरीश रावत, सुशील भट्ट आदि शामिल थे।



## NEWS / फटाफट

### फर्जी बाबा बनकर घूम रहे तीन युवकों को दबोचा

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में फर्जी तरीके से बाबा बनकर घूम रहे तीन युवकों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। बाद में युवकों ने तीनों को पक डक़र पुलिस के हवाले कर दिया, जहां पुलिस ने तीनों से पूछताछ कर चालानी कार्रवाई कर छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को मल्लीताल सदर बाजार में तीन युवक फर्जी बाबा बनकर घूम रहे थे। लोगों ने उन्हें संदिग्ध देखते हुए एक बाबा से पूछताछ की तो वह भागने लगा। बाबा को भागता देख स्थानीय युवकों ने भी उनके पीछे दौड़ लगा दी। अग्निशमन कार्यालय के सामने युवकों ने बाबा व उसके दो साथियों को पकड़ लिया। तीनों की ओर से कोई जानकारी नहीं देने पर लोग उनको पीटते हुए कोतवाली ले आए। जहां पुलिस ने तीनों से गहन पूछताछ की, जिसमें एक बाबा का भवाली का सत्यापन मिला जबकि अन्य दो युवकों का सत्यापन भी नहीं मिला। मामले में कोतवाली की एसआई प्रियंका मौर्य ने बताया कि बरेली निवासी भोला सिंह, देहरादून निवासी सोनू व लखीमपुर खीरी निवासी सूरज के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

### युवक पर छत पर कपड़े डाल रही युवती से जबरदस्ती दुष्कर्म का प्रयास का आरोप, मुकदमा

**रुद्रपुर।** कोतवाली क्षेत्र एक कालोनी में घर की छत पर कपड़े डाल रही युवती को पड़ोस में रहने वाले युवक ने पकड़ उससे छेड़छाड़ कर दी और जबरदस्ती का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। रिपोर्ट युवती के भाई ने दर्ज कराई है। युवती के भाई ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 26 सितम्बर को दिन में उसकी बहन छत पर कपड़े डालने के लिये गयी थी। आरोप है कि तभी मौहल्ले में किराये पर रहने वाला युवक जहीर पुत्र रहीश अहमद छत पर कूदकर आ गया। आरोप है कि उक्त युवक ने बहन को गलत इरादे की नीयत से उसे पकड़ लिया तथा छेड़छाड़ करने लगा। बहन के विरोध करने पर धमकी देने लगा। बताया कि बहन ने शोर मचाया। बहन की आवाज सुनकर वह छत पर गया तो जहीर उसे देखकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# रामनगर व कालाढुंगी में स्वास्थ्य विभाग ने की छापेमारी

**नैनीताल/रामनगर**

**हमारे संवाददाता**

सीएमओ नैनीताल डॉ. हरीश पंत के दिशा निर्देशन में गुरुवार को रामनगर व कालाढुंगी में स्वास्थ्य विभाग ने छापेमारी करते हुये कई क्लीनिकों के खिलाफ जुर्माने व क्लिनिक बंद करने की कार्यवाही की।

मिली जानकारी के अनुसार आज प्रातः स्वास्थ विभाग के द्वारा मोहल्ला लखनपुर स्थित रावत क्लिनिक पर छापामारी कार्यवाही की व क्लिनिकल स्टेबलिश बिल में पंजीकरण नहीं पाये जाने पर क्लिनिक बन्द कराते हुए 50 हजार रुपये का जुर्माना डाला व ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट ने मेडिकल बन्द करा दियाए टीम ने इसके बाद रावत डेंटल क्लिनिक व कुमायूँ डेंटल क्लिनिक का भी पंजीकरण नही होने पर जुर्माने व क्लिनिक बंद करने की कार्यवाही की, इसके बाद टीम ने पीरूमदारा में हरिशंकर सरकार के यहां छापा मारा तो वहां दो महिलाओं को ड्रिप लगी हुए पाया गया जबकि




पूर्व में उक्त चिकित्सक के विरुद्ध चेतावनी की कार्यवाही की गयी चुकी है फि र भी पंजीकरण नही होने व ड्रिप चढाए जाने पर जुर्माना करते हुये क्लीनिक बन्द करा दी। इसके टीम ने प्रिया क्लिनिक पर छापा मारा जहां नेचुरोपैथी की डिग्री पर संचालक एलोपैथी की दवाये चलाते हुये मिला जिसके विरुद्ध भी जुर्माना व क्लिनिक बंद किये जाने की कार्यवाही की गयी। रामनगर में पांचों क्लीनिकों पर 25 हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये के जुर्माना किये गये। इसके बाद टीम ने कालाढुंगी में मदीना क्लिनिक व जनता क्लिनिक पर छापेमारी की तथा पंजीकरण नही मिलने पर इनके खिलाफ भी 50-50 हजार रुपये के जुर्माने व क्लिनिक बन्द कराये जाने की कार्यवाही की गयी। छापेमारी की कार्यवाही में एसीएमओ डॉ रश्मि भंडारी तथा डॉ. कुमुद पंत, ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट, प्रधान सहायक मनोज बिष्ट, अभिषेक सोदई, देवेन्द्र मेहरा आदि मौजूद रहे। इधर सीएमओ डॉ हरीश पंत ने बताया कि झोलाछाप चिकित्सकों तथा अवैध पैथोलॉजी लेबो के छापेमार कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# फिलैटली क्लब खुलवाया और बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ में गुरुवार को दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना के तहत नैनीताल प्रधान डाकघर के द्वारा फिलैटली क्लब खुलवाया गया तथा स्कूल के छठी से नवीं कक्षा के बीच के बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम में 30 फ्लैटली डिपॉजिट अकाउंट खोले गए। इस दौरान स्कूली बच्चों के मध्य आयोजित क्विज प्रतियोगिता में जिन बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया उन्हें डाक विभाग के अधिकारियों की ओर से विशेष रुप से पुरस्कृत भी किया गया बच्चों को फि लैटली के महत्व के बारे में बताया गया। इससे पूर्व नैनीताल प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर चंदन सिंह बिष्ट की ओर से स्कूल प्रबंधन तथा स्कूली बच्चों का डाक विभाग की ओर से स्वागत किया गया तथा दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना के साथ ही फिलैटली क्लब के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस दौरान डाकघर से पंकज पांडे, गजेंद्र पटवाल, शशि शेखर, अनिल ध्यानी तथा संतोष मौजूद रहे जबकि स्कूल प्रबंधन की ओर से प्रधानाचार्या तारा बोरा समेत डी.एस.मेहरा, मधुरलता, विमलेश गोस्वामी, रितु, कोमल, जितेंद्र भट्ट,ममता, दीप्ति, तारा बिष्ट, विनिता, राजेंद्र सिंह व गीता आदि मौजूद रहे। संचालन डाकघर की ओर से गजेंद्र पटवाल ने किया।

# अभिमत



## आसान नहीं पुनर्वास

***रेलवे और जिला प्रशासन ने सर्वे करके सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट पेश की तो अतिक्रमणकारियों के पुनर्वास के लिए दो माह की मोहलत दी है। 50 हजार लोगों को बसाने के लिए 30 से 40 हेक्टेयर जमीन की जरूरत होगी। प्रशासन ने बताया कि पुनर्वास नीति बनाने का काम प्रक्रिया में है। अतिक्रमणकारियों को राहत मिल गई है, लेकिन पुनर्वास का काम आसान नहीं है। अभी तक सिर्फ डेढ़ हजार मकानों का सर्वे किया गया है। पूरे बनभूलपुरा के मकानों का सर्वे और दस्तावेजों का सत्यापन करने में दो महीने बीत जायेंगे। पुनर्वास के लिए इतनी बड़ी भूमि शहर के आसपास मिलनी मुश्किल है।***

हल्द्वानी के बनभूलपुरा में अतिक्रमण हटाने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचने के बाद पेचीदा हो गया है। हाईकोर्ट ने रेलवे और अन्य विभागों की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। हल्द्वानी रेलवे स्टेशन का विस्तार करने के लिए भूमि की आवश्यकता है। रेलवे ने कई बार अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया, लेकिन जमीन खाली नहीं करा सका। नेताओं ने अतिक्रमण के मामले पर राजनीति शुरू कर दी। हाईकोर्ट में मामला पहुंचने पर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया। अतिक्रमण की जद में करीब साढ़े चार हजार मकान हैं और उनमें 50 हजार लोग रहते हैं। प्रशासन ने समय सीमा निर्धारित करके अतिक्रमणकारियों से मकान खाली करने की चेतावनी दी तो लोगों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत में रेलवे अपनी जमीन की नाप और दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। रेलवे और जिला प्रशासन ने सर्वे करके सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट पेश की तो अतिक्रमणकारियों के पुनर्वास के लिए दो माह की मोहलत दी है। 50 हजार लोगों को बसाने के लिए 30 से 40 हेक्टेयर जमीन की जरूरत होगी। प्रशासन ने बताया कि पुनर्वास नीति बनाने का काम प्रक्रिया में है। अतिक्रमणकारियों को राहत मिल गई है, लेकिन पुनर्वास का काम आसान नहीं है। अभी तक सिर्फ डेढ़ हजार मकानों का सर्वे किया गया है। पूरे बनभूलपुरा के मकानों का सर्वे और दस्तावेजों का सत्यापन करने में दो महीने बीत जायेंगे। पुनर्वास के लिए इतनी बड़ी भूमि शहर के आसपास मिलनी मुश्किल है। बनभूलपुरा में अतिक्रमण के मामले में रेलवे और अन्य सरकारी विभाग जिम्मेदार हैं। बनभूलपुरा में निजी मकानों के अलावा स्कूल, अस्पताल, पेयजल की पाइप लाइन, नलकूप, ओवरहेड टैंक, बिजली के सैकड़ों खम्भे, ट्रांसफार्मर आदि हैं। जब अतिक्रमण हो रहा था, तब रेलवे और अन्य सरकारी विभागों ने नहीं रोका। अतिक्रमण की जमीन पर बिना नक्शा पास कराये मकान का निर्माण किया गया तब संबंधित विभाग ने नहीं रोका। अवैध निर्माणकर्ता को बिजली और पेयजल का कनेक्शन दिया गया, उस समय सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों ने लापरवाही बरती। सबसे अधिक जिम्मेदार रेलवे है। पूरे देश में रेलवे स्टेशन और रेल लाइन के आसपास की बहुत बड़ी जमीन रेलवे को आवंटित होती है। खाली जमीन का उपयोग रेलवे स्टेशन के विस्तार, अधिकारियों व कर्मचारियों के आवास, अस्पताल, स्कूल और लाइन की मेटीनेन्स के लिए किया जाता है। हल्द्वानी महानगर होते हुए रेलवे स्टेशन लालकुआं से भी छोटा है। गौला नदी के कटान से रेल लाइन को खतरा है। नई रेल लाइन अतिक्रमण के कारण नहीं बन पा रही है।

# चोरी की 14 बाइक समेत चार गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पुलिस ने वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश करते हुए गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी की 14 बाईकें बरामद की। पुलिस ने चारों को कार्रवाई करने के बाद कोर्ट में पेश किया। यहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि शहर में लगातार वाहन चोरी की घटनाएं हो रही थी। घटनाओं को रोकथाम के लिए एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि बाईक सवार कुछ संदिग्ध गंगापुर रोड से होकर जा रहे है। सूचना मिलने पर सीओ सिटी निहारिका तोमर पुलिस कर्मियों के साथ गंगापुर रोड पर पहुंच गई। पुलिस ने शिमला पिस्तौर डीएवी कट के पास बिना नंबर के दो बाईक में सवार चार युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। दोनों बाईकों पर सवार चारों पुलिस से बचने को मुड़ने लगे। पुलिस को शक



हुआ और पुलिस ने पीछा कर दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम ग्राम बुढ़ासी शीशगढ़ बरेली और हाल दूधिया मंदिर के पास खेड़ा निवासी सुमित पुत्र छेदा लाल, ग्राम पड्डवा पैगा देवरनिया बरेली और हाल खेड़ा वाल्मीकि निवासी संजीव पुत्र प्रभुचरण, ग्राम दोपहरिया पुलभट्टा निवासी अजय कुमार उर्फ गुज्जर पुत्र बाबू राम तथा फाजलपुर थना बिलासपुर रामपुर निवासी विपिन यादव उर्फ अभी यादव पुत्र हरपाल सिंह बताया। एसएसपी के मुताबिक पूछताछ में चारों ने बताया कि दोनों बाईक चोरी की है। पुलिस की सख्ती के बाद चारों ने बताया कि चोरी कर छिपाई अन्य बाईकें बरामद राधा स्वामी सत्संग से आगे सड़क किनारे बंद पड़े मकान के कमरे से बरामद कराई। उन्होंने बताया कि इस गैंग में शामिल और वाहन चोरों की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने चारों पर प्राथमिकी पंजीकृत कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने जेल भेज दिया। टीम में एसआई मोहन चंद्र जोशी,एसआई चंदन बिष्ट समेत कांस्टेबल दलीप कुमार आदि मौजूद कर्मी शामिल रहे।

## लापता युवक भी गया वाहन चोरी की घटना में जेल

रुद्रपुर। वार्ड 19 खेड़ा कालोनी से 17 सितंबर से लापता युवक वाहन चोर गैंग के साथ सलाखों के पीछे पहुंच गया। युवक के परिजनों के मुताबिक सुमित घर से 17 सितंबर को बिना बताए कहीं चला गया। शाम तक वापस नहीं लौटने पर उसकी तलाश की गई। सुमित का भाई अमित के मुताबिक उसने भाई के लापता होने की सूचना पुलिस को दी। रम्पुरा पुलिस चौकी के अलावा बगवाड़ा पुलिस चौकी में भी गया। उसे नहीं बताया कि उसका भाई पुलिस हिरासत में हैं। उसे बुधवार को पता चला कि सुमित कोतवाली में हैं। बताया कि उनको यह भी पता नहीं सुमित इस घटना में शामिल हैं। पता होता तो वह नहीं आता, पुलिस बता देती तो इधर उधर तलाश नहीं करता। इधर कोतवाल एमएस दसौनी का कहना था कि सुमित को गंगापुर रोड से चोरी की बाईक समेत अन्य वाहन चोरों के साथ पकड़ा।

## बस बाइक में भिड़ंत, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल के निकट एक भीषण सड़क दुर्घटना में उत्तर प्रदेश रोडवेज बस और एक बाइक की जोरदार टक्कर हुई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

बीती रात, जब बाइक सवार रुद्रपुर की दिशा से हल्द्वानी आ रहे थे, तब उनकी बाइक की टक्कर उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस से हुई। बताया जा रहा है कि यह बस हल्द्वानी से उत्तर प्रदेश की ओर जा रही थी। टक्कर इतनी भयानक थी कि मोटरसाइकिल पर सवार दोनों व्यक्तियों को गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों ने तुरंत घायलों को सुशीला तिवारी अस्पताल में पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने 40 वर्षीय मनोज, जो पीली कोठी का निवासी था, को मृत घोषित कर दिया। वहीं, 37 वर्षीय तेज सिंह थापा, निवासी मुखानी हल्द्वानी, को गंभीर चोटों के साथ अस्पताल में भर्ती किया गया है। उनकी हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है, और डॉक्टरों की एक टीम उनकी जान बचाने के लिए प्रयासरत है।

## महर्षि विद्या मंदिर ताकुला में आयुर्विद्या कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल से लगभग 5 किलोमीटर दूर महर्षि विद्या मंदिर ताकुला में आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग उत्तराखंड नैनीताल की तरफ से डा. रेनू आर्य (चिकित्सधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय हाई कोर्ट नैनीताल) द्वारा आयुर्विद्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. रेनू आर्य ने बताया कि किस प्रकार से दैनिक दिनचर्या में सुबह उठने से लेकर शाम सोने तक की गतिविधियों पर हमें ध्यान देना चाहिए। प्राणायाम तथा आहार व्यवहार पर पूर्ण रूप से ध्यान देना चाहिए तथा मौसमी फलों सब्जियों का भरपूर रूप से सेवन करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के बालक बालिकाओं के साथ साथ शिक्षको तथा अभिभावकों ने प्रतिभा किया।

डॉ. रेनू के द्वारा दैनिक दिनचर्या, ऋ तुचार्य तथा विरुद्ध आहार वेगो तथा योग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें अपनी स्वास्थ्य पर ध्यान देने के विशेष गुण



बताए गए। विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को जागृत करने हेतु डॉ. रेनू द्वारा किताबों एवं पोस्ट का वितरण किया गया एवं विद्यार्थियों को बेहतर रूप से आयुर्विधिया की समझ प्राप्त हो इसके लिए डॉक्टर रेनू द्वारा बच्चों को जागरूक करने हेतु वीडियोग्राफ ी का प्रदर्शन किया गया जिसमें मुख्य रूप से बच्चों में भूख न लगनाए नींद ना आना, थकावट महसूस होना आदि समस्याओं से छुटकारा पाने हेतु भरपूर जानकारी प्रदान करी गई थी। इस दौरान डॉक्टर रेनू ने वृक्षारोपण कर सभी को नियमित रुप से वृक्षो का ध्यान देना के किया कहा। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल पांडे ने डीआर रेणुका धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बताया कि किस प्रकार से विद्यालय में प्रत्येक दिन योग कराया जाता है तथा विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए ध्यान कराया जाता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के दीपा बिष्ट, हरीश सिंह बिष्ट, रेखा भट्ट, दीपिका गलाकोटी, खष्टी सिजवाली,हिमानी आर्य, लक्ष्मी जोशी, प्रियंका आर्य एवं विद्यालय के अन्य कर्मचारियों के साथ स्थानीय अभिभावक मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## पूजा फिल्म्स का बकाया चुकाकर 'हीरो' बने अली अब्बास जफर



*फिल्म निर्माता वाशु भगनानी और उनके बेटे जैकी भगनानी की करीब 350 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म 'छोटे मियां बड़े मियां' के एलान के वक्त फिल्म के हीरो अक्षय कुमार को हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी फीस सौ करोड़ रुपये दिए जाने का खूब प्रचार किया गया था। लेकिन, इस फिल्म से पहले अक्षय कुमार के साथ ही बनी पूजा एंटरटेनमेंट की फिल्म 'मिशन रानीगंज' में काम करने वालों का पैसा बकाया होने की शिकायतों पर कभी इस कंपनी ने ध्यान ही नहीं दिया। फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का मामला इसलिए ज्यादा दिलचस्प है क्योंकि इस फिल्म के निर्देशक से लेकर स्टंट निर्देशक, कोरियोग्राफर और एडिटर तक को उनकी पूरी फीस ही पूजा एंटरटेनमेंट ने फिल्म की रिलीज के बाद भी नहीं दी। ये पूरा मामला उछला भी तभी जब फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर अपनी फीस न मिलने की शिकायत लेकर फेडरेशन के पास पहुंच गए। इसके तुरंत बाद मंगलवार की आधी रात के करीब ये खबर आई कि पूजा एंटरटेनमेंट ने अली अब्बास जफर, उनकी फिल्म निर्माण कंपनी एएजेड और उनके भागीदार हिमांशु किशन मेहरा के खिलाफ मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में कोई शिकायत दर्ज करा दी है। वाशु भगनानी का महाराष्ट्र की सियासत में शुरू से दबदबा रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री रहे विलासराव देशमुख के बेटे अमित को उनकी बेटी ब्याही है और खुद वह बीजेपी के कई बड़े नेताओं के करीब रहे हैं। कुछ साल पहले वाशु भगनानी ने एकदम से मुंबई में अपना सारा कारोबार समेट कर लंदन के पास एक स्टूडियो खोल लिया था और अपना सारा काम वहीं से संचालित करते रहे। कंपनी का वित्तीय कामकाज संभालने वालों के करीबी बताते हैं कि बीते वित्तीय वर्ष के अंत में ही वाशु ने अपनी सारी कंपनियों को एक बड़ी कंपनी की छत्रछाया में लाने जैसा काम किया है। उनकी योजना शेयर बाजार से पूंजी जुटाने की ही रही है। लेकिन, फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' से लगे कारोबारी झटके के बाद अब वह सारा सिलसिला नए सिरे से शुरू करने की तैयारी में हैं। उनकी शिकायत पुलिस से ये है कि विदेश से मिली सब्सिडी को कोई कंपनी भारत में लाकर कैसे बिना टैक्स भुगतान किए लोगों को बांट सकती है।*

### सोशल मीडिया पर अभियान

*भारतीय फिल्म और टीवी निर्देशक संघ के अध्यक्ष अशोक पंडित के मुताबिक, फेडरेशन के पास पूजा एंटरटेनमेंट पर बकाये की तमाम शिकायतें रही हैं और सब्सिडी से मिले पैसा का दुरुपयोग न हो इसलिए तकनीशियनों का फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के लिए बाकी पैसा इसी सब्सिडी की राशि से फेडरेशन की देखरेख में दिलवाया जा रहा है। उधर, अली अब्बास जफर के समर्थन और पूजा एंटरटेनमेंट के विरोध में गुरुवार दोपहर से ही सोशल मीडिया पर अभियान से छिड़ चुका है।*

# पहाड़पानी में श्रमिकों को बाटी गई टूल कीट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

क्षेत्र के पोखराखेत खेल मैदान में गुरुवार को श्रमिकों के लिए श्रम विभाग से संचालित योजनाओं के लिए शिविर आयोजित किया गया है।

जिसमें श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रदीप बिष्ट ने ग्रामीणों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इसके पश्चात 120 से अधिक श्रमिकों को टुल किट वितरण की गई। इसके अलावा सैकड़ों श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर खून की जाच की गई। इसके अलावा 150 से अधिक लोगों के कार्ड रेनुअल भी शिविर में किए गए। इस दौरान प्रवर्तन अधिकारी प्रदीप बिष्ट, मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह बिष्ट, समाजसेवी कृष्णा मेलकानी, महिपाल कुलोरा, गणेश लाल वर्मा, राकेश जोशी, देवेंद्र चंद्र आदि मौजूद रहे।



News कॉर्नर

## नैनी झील में युवक का शव मिला

नैनीताल। नैनी झील में आज 12:00 बजे बोट स्टैंड के पास एक व्यक्ति की लाश मिलने से शहर में सनसनी फैल गई बता दे लोगों ने नैनी झील में एक शव को उतरता देखा तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी मौके पर चीता मोबाइल के कांस्टेबल अमित गहलोत और जल पुलिस ने उतरते शव को बाहर निकाला उसकी तलाशी लेने पर जेब में कुछ दस्तावेज व पहचान पत्र नहीं निकला पुलिस उसकी सिनाकत करने की करने की कोशिश कर रही हैद्य फिलहाल उसके हाथ में एक घड़ी और कड़ा पहना हुआ मिला है खबर लिखे जाने पुलिस द्वारा लोगों को उसका शव दिखाकर तक पहचान को लेकर जांच जारी थी।

## तल्लीताल बोट स्टैंड के समीप एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया

नैनीताल। तल्लीताल बोट स्टैंड के समीप शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे नैनी झील में एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया। शव की सूचना स्थानीय लोगो द्वारा तल्लीताल पुलिस थाने में दी गई। सूचना प्राप्त के बाद तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची, जिसके बाद चीता कांस्टेबल अमित गहलोत द्वारा शव को नैनी झील से बाहर निकाला। शव की शीनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा। अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई।

इस दौरान मौके पर मौजूद तल्लीताल एसओ रमेश बोहरा ने बताया कि शव से कुछ पहचान पत्र प्राप्त नहीं हुआ जिस कारण शव की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। समाचार लिखें जाने तक आगे की कार्रवाई जारी है।

# वेटओपीएस बहाली की मांग पर शिक्षक-कर्मचारियों ने भरी हुंकार

अल्मोड़ा /बागेश्वर

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा और बागेश्वर में पुरानी पेंशन (ओपीएस) बहाली की मांग को लेकर अल्मोड़ा और बागेश्वर जिले में शिक्षकों और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने आक्रोश रैली निकाल कर प्रदर्शन किया। पुरानी पेंशन (ओपीएस) बहाली की मांग को लेकर अल्मोड़ा और बागेश्वर जिले में शिक्षकों और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने आक्रोश रैली निकाल कर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन करने की चेतावनी दी। बृहस्पतिवार को अल्मोड़ा के विभिन्न संगठनों से जुड़े शिक्षकों और कर्मचारियों ने नंदा देवी मंदिर परिसर में एकत्रित होकर आमसभा की। वक्ताओं ने आरोप



लगाया कि कार्मिकों की मेहनत की कमाई को शेयर बाजार के हवाले किया जा रहा है, जबकि उन्हें पेंशन से महरूम रखा जा रहा है। इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि जब नेताओं को पांच वर्ष रहने पर पेंशन का लाभ मिलता है तो कार्मिकों को क्यों नहीं। कहा कि एनपीएस और यूपीएस कार्मिकों के लिए खतरा है जबकि पुरानी पेंशन आर्थिक सुरक्षा की गारंटी है। इसके बाद नंदा देवी मंदिर परिसर से चौघानपाटा तक आक्रोश रैली निकाल कर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। इस मौके पर मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष पुष्कर सिंह भैसोड़ा, प्रांतीय कोर कमेटी सदस्य धीरेंद्र कुमार पाठक, एनएमओपीएस जिलाध्यक्ष गणेश भंडारी, सचिव भूपाल चिलवाल, दीपक तिवारी, डॉ. मनोज जोशी, संजय भाटिया, रविशंकर, भारतेन्दु जोशी, किशोर जोशी, हिमांशु तिवारी, सुरेश डंगवाल आदि मौजूद रहे।अल्मोड़ा में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आयोजित आक्रोश रैली में बारिश के बावजूद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में शिक्षक और कर्मचारियों ने रैली में प्रतिभाग किया। सुबह बारिश के चलते कई ग्रामीण मार्गों पर यातायात प्रभावित रहा। ऐसे में दिक्कतों के बीच कर्मी सभा और रैली में पहुंचे। बाजार में आक्रोश रैली में जिले भर से सैकड़ों की संख्या में कर्मियों ने प्रतिभाग किया। रैली के मुख्य बाजार में पहुंचने से बाजार में काफी भीड़ हो गई। इससे खरीदारी करने पहुंचे लोगों को दिक्कतों का समाना करना पड़ा, वहीं रैली के माल रोड पर पहुंचने पर जाम की स्थिति बन गई। चौघानपाटा में रैली संपन्न होने के बाद वाहन चालकों ने राहत की सांस ली।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग के लिए कर्मचारियों ने नगर में आक्रोश मार्च निकाला। कर्मचारियों ने एनपीएस और यूपीएस के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बृहस्पतिवार को नुमाइशखेत मैदान में पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़े कर्मचारी सदस्य एकत्र हुए। कर्मचारियों ने नई पेंशन और यूनिफाइड पेंशन स्कीम का कड़ा विरोध किया। इसके बाद नुमाइशखेत मैदान से चौक बाजार तक रैली निकाली। कर्मचारियों का कहना है कि एनपीएस और यूपीएस शेयर बाजार आधारित पेंशन योजनाएं हैं।


# नशेड़ी पिता ने रॉड से हमला कर 14 साल के बेटे को मार डाला

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली बाजपुर क्षेत्र की चौकी सुल्तानपुर पट्टी में एक कलयुगी पिता ने अपने बेटे की लोहे की राड ने हत्या कर शव घर में दफ़नाने का प्रयास किया। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार की देर रात्रि आठ बजे के आसपास मोहल्ला गांधीनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी प्रेम शंकर का अपने बेटे से किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी हो गई। गुस्से में प्रेम ने अपने पुत्र विवेक के सिर पर लोहे से प्रहार इतना जबरदस्त था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बेटे की हत्या से घबराए पिता ने अपना अपराध छुपाने के लिए अपने घर के दरवाजे पर गड्ढा



खोदकर उसे दवाने जा रहा था। बताया जा रहा है कि गड्ढा करते विवेक की चाची ने उसे देख लिया। महिला ने अपने जेठ प्रेम शंकर से गड्ढा खोदने जाने का कारण पूछा तो प्रेम शंकर ने आशा को अपने बड़े बेटे के सर में लोहे का पतला मार कर हत्या करने का सच बता दिया। महिला उस बात को सुनकर आनंद फानन में पुलिस चौकी पहुंच गयी और उसने पूरा मामला पुलिस बताया। सूचना पर तत्काल पुलिस आशा के घर आई तो पुलिस ने प्रेम शंकर को मौके पर ही पूछताछ को गिरफ्तार कर लिया है।

चौकी प्रभारी सुल्तानपुर पट्टी संदीप शर्मा ने बताया कि लोहे का राड बरामद किया है। शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के भेज दिया। हत्यारोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# महिलाओं में स्वास्थ्य शिक्षा का ग्रामीण समुदाय पर प्रभाव विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

शहीद खेम चंद्र डौबी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में महिलाओं में स्वास्थ्य शिक्षा का ग्रामीण समुदाय पर प्रभाव विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। वक्ताओं ने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने का आह्वान किया ताकि स्वस्थ समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सके। इस दौरान महाविद्यालय सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. विनय कुमार विद्यालंकार व मुख्य अतिथि सीएचसी बेतालघाट की महिला चिकित्सक डा. मिसिका ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य विनय कुमार विद्यालंकार ने महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा की मां को हमारी संस्कृति ने जगत का आधार माना है?।



स्वास्थ्य के विषय पर भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। डा. मिसिका ने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने को कहा। बताया की स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है। नर्सिंग अधिकारी पूजा जोशी ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया। इस दौरान कार्यक्रम में डा. जयति दीक्षित, डा. भुवन मठपाल, चिकित्सा प्रभारी डा. सतीश पंत, डा. इप्सिता सिंह, डा. तरुण कुमार आर्या, ममता पांडे, भाष्करानंद पंत, डा. फरजाना, पूर्व छात्र संघ महासचिव तारा सिंह भंडारी, मुकेश रावत, प्रेमा देवी, ललित मोहन, नीलम जोशी, खुशबू, प्रतिभा, बबीता, मनीषा हाल्सी, किरन, हिमानी आदि मौजूद रहे।

# खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की टीम ने किया औचक निरीक्षण



नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के बेतालघाट क्षेत्र में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की टीम द्वारा धारी स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण करने पर अंकुर रेस्टोरेंट में एक घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर घरेलू सिलेंडर को जब्त किया गया इसके अतिरिक्त रेस्टोरेंट में उचित साफ सफाई नहीं पाए जाने पर प्रतिष्ठान के प्रबंधक को फटकार लगाई गई। इसके पश्चात बिष्ट रेस्टोरेंट में भी एक घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर मौके पर ही घरेलू गैस सिलेंडर को जब्त किया गया। जब्त किए गए सिलेंडर सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर ही प्रबंधक भवाली गैस सर्विस की सुपुर्दगी में रखा गया। इस निर्देश के साथ दिए गए इसमें किसी प्रकार की खुर्दबुर्द नहीं करेंगे और न्यायालय अथवा उच्च अधिकारियों के मांगे जाने पर प्रस्तुत करेंगे। यद्यपि अधिकांश प्रतिष्ठानों में व्यवसायिक सिलेंडरों का ही उपयोग होना पाया गया। सभी प्रतिष्ठान स्वामियों को रेस्टोरेंट में उचित साफ सफाई का ध्यान देने की हिदायत दी गई। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक धारी सुनीता रावत ने कहा कि समय समय पर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग को रोकने के लिए, जांच अभियान चलाया जाएगा और भविष्य में किसी प्रतिष्ठान में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## पंचायतीराज मंत्री को ज्ञापन भेजा

हल्द्वानी। प्रदेश में ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव सीधे जनता से कराने जाने की मांग को लेकर पंचायतीराज मंत्री को ज्ञापन भेजा गया है। समाजसेवी हेमंत गोनिया व गोविंद बल्लभ भट्ट ने तहसीलदार लालकुआं के माध्यम से भेजे ज्ञापन में कहा है कि जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में जनप्रतिनिधियों की खरीद-फरोख्त की जाती है। इस पर अंकुश लगाने के लिए इनके चुनाव जनता के माध्यम से कराये जाने चाहिए ताकि भ्रष्टाचार को बढ़ावा न मिले। उन्होंने कहा है कि सुनवाई न होने पर इस मामले में हाईकोर्ट की शरण ली जाएगी।

# रामलीला महोत्सव समेत कई मुद्दों पर गहन मंथन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा की बैठक सभा के अध्यक्ष मनोज साह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी रामलीला महोत्सव समेत कई मुद्दों पर विस्तार से गहन मंथन किया गया। बैठक में सर्व प्रथम सभा परिवार की ओर से श्री मां नंदा देवी महोत्सव को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सभी भक्तजनों का विशेष धन्यवाद किया गया। बैठक में 3 अक्टूबर (गुरुवार) से 12 अक्टूबर (शनिवार) तक श्री रामलीला महोत्सव को भव्यता से मनाने का निर्णय लिया गया तथा सभी नैनीताल वासियों और राम भक्तों से सहयोग की प्रार्थना की गई है तथा सभी को महोत्सव में आमंत्रित किया गया। बैठक यह भी तय हुआ कि सभा की ओर जल्द ही एक कार्यक्रम आयोजित कर श्री मां नंदा देवी महोत्सव के समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में 12 अक्टूबर (शनिवार) को आयोजित होने वाले के दशहरा कार्यक्रम की कामयाबी पर भी चर्चा हुई तथा भजन संध्या के साथ कार्यक्रम में सभी का सहयोग मांगा गया। सभा में महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत अशोक साह,राजेंद्र बिष्ट, बिमल साह, बिमल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी समेत राजेंद्र लाल साह, घनश्याम लाल साह, हरीश सिंह राणा, राजेंद्र बजेठा, हीरा सिंह, गोविंद,गोधन सिंह,मनोज साह , कमलेश ढौंडियाल, देवेंद्र लाल साह, गिरीश भट्ट, सतीश पांडे, कैलाश बोरा, चंद्र प्रकाश साह, आलोक चौधरी,दीप गुरुरानी, डॉ. मोहित सनवाल,दीपक साह, मिथिलेश पांडे, अतुल साह तथा प्रो. ललित तिवारी उपस्थित रहे। अंत में सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने सभी का आभार जताया।

# रुद्रपुर में नगर निगम रुद्रपुर का स्वच्छता ही सेवा अभियान पर चलाया सफाई अभियान

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

नगर निगम रुद्रपुर द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत बाटा चौक से गल्ला मंडी तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

विशेष सफ़ाई अभियान को सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम रुद्रपुर राजू नबियाल की अध्यक्षता में संचालित किया गया। वहां मौजूद लोगों एवं कर्मचारियोंको स्वच्छता ही सेवा की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इसके बाद अभियान को बाटा चौक से प्रारंभ किया गया।

सफाई अभियान में नगर निगम ब्रांड एंबेसडर नीलम कोहली, नगर निगम ब्रांड एंबेसडर,आशुतोष पंत, नगर निगम ब्रांड एंबेसडर ललित मोहन



उप्रेती, इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल डेवलपमेंट के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, साथी ग्रुप के अध्यक्ष, अनिल कुमार, जोन 01 नगर निगम से अनुबंध डोर टू डोर वाहन, सिटी मिशन मैनेजर मनोज कर्नाटक, स्वयं सहायता समूह समेत अन्य लोग भी शामिल हुए।

नगर निगम से सफाई निरीक्षक, कुलदीप कुमार, पर्यावरण पर्यवेक्षक, मुकेश कुमार, पर्यावरण पर्यवेक्षक, गौतम, पर्यावरण पर्यवेक्षक सुनील कुमार सभी ने संगठित रूप से सफाई व्यवस्था को देखा। अभियान के समापन स्थल गल्ला मंडी में स्वच्छता मानव चैन बनायीं गयी तथा सभी लोगों को स्वच्छता की प्रतिज्ञा दिलाई गई। सफाई अभियान में लगभग 100 से ज्यादा लोगों ने प्रतिभाग किया और सफाई अभियान को सफल बनाने में नगर निगम का सहयोग बढ़ाया।